an>

Title: Need to complete the construction of National Highway No. 8.

श्री सुमेधानन्द सरस्वती (सीकर): अध्यक्ष जी, मुम्बई और कांडला से राजस्थान-गुजरात को दिल्ली से जोड़ने का एक ही राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-8 है। दिल्ली के लिए कोई ट्रेन नहीं है, इस कारण मुझे सीकर से वाया रोड दिल्ली आना पड़ता है। ढाई सौ किलोमीटर का सफर है और कोटपुतली से दिल्ली मात्र 130 किलोमीटर है। मुझे दिल्ली आने के लिए छह घंटे का समय लगता है। इस बार मेरे पीछे एक एम्बुलेंस चल रही थी। कोटपुतली से दिल्ली पहुंचने में उस एम्बुलेंस को सात घंटे लगे। इसका परिणाम यह हुआ कि उस एम्बुलेंस में जो मरीज था, उसकी रास्ते में मृत्यु हो गई। मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि जितने भी सर्विस रोड हैं या जहां पुलिया बन रही हैं, उनके लिए राजस्थान से पत्थर लेकर ट्रक दिल्ली और हरियाणा में आते हैं। हर रोज कोई न कोई ट्रक पलट जाता है और रास्ता जाम हो जाता है। मैं पहले भी इस विषय को उठा चुका हूं तथा अन्य लोगों ने भी इस विषय को उठाया है।

मेरा आपके माध्यम से माननीय सड़क मंत्री जी से निवेदन है कि इस सड़क को तुरंत ठीक कराया जाए, क्योंकि, जयपुर, मुम्बई और कांडला से दिल्ली आने का केवल एक ही रास्ता राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-8 है। इस राष्ट्रीय राजमार्ग की तुरंत मरम्मत कराई जाए और पुलियों का शीघ्र निर्माण कराया जाए।

माननीय अध्यक्ष :

श्रीमती संतोष अहलावत,

श्री सी.आर. चौधरी और

श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत को श्री सुमेधानन्द सरस्वती द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।